This question paper contains 8+2 printed pages]

*Your Roll No*.....................................

**6361**

**LL.B./II Term** **A**

Paper – LB – 201 : LAW OF EVIDENCE

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions including

Question No. **1** which is compulsory.

*All* questions carry equal marks.

अनिवार्य प्रश्न संख्या 1 सहित

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. Attempt briefly any *four* of the following :

(*a*) Relevancy of an Expert Opinion.

P.T.O.

(*b*) Explain "proved", "disproved", "not proved".

(*c*) Cases in which secondary evidence relating to documents may be given.

(*d*) Features of adversarial and inquisitorial system of justice.

(*e*) Who may testify ? Whether a dumb person can be considered a competent witness ? 20

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(*a*) विशेषज्ञ की राय की सुसंगति ।

(*b*) "साबित", "नासाबित", "साबित नहीं हुआ" ।

(*c*) ऐसे मामले जिनमें दस्तावेजों से सम्बन्धित द्वितीयक साक्ष्य दिया जा सकेगा ।

(*d*) न्याय की प्रतिकूलात्मक तथा अनुयोजकीय पद्धति की विशेषताएँ ।

(*e*) कौन साक्ष्य दे सकता है ? क्या किसी मूक व्यक्ति को सक्षम साक्षी माना जा सकता है ?

2. State the provisions of law and give reasons as to relevancy of the following facts :

(*a*) The question is, whether 'A' robbed 'B'.

The facts that, after 'B' was robbed, 'C' said in 'A' presence — the police is coming to look for the man, who robbed 'B', and that immediately afterwards 'A' ran away.

(*b*) 'A' sues 'B' for inducing 'C' to break a contract of service made by him with 'A'. 'C', on leaving A's service, says to 'A' — "I am leaving you because 'B' has made me a better offer."

(*c*) Lalit is tried for the murder of his wife Renu by poison.

Evidence is sought to be given of the fact, that before the death of Renu, Lalit was seen purchasing the poison similar to that which caused Renu's death.

(*d*) 'A' is charged for selling forged University degree.

Degrees of various Universities, forged documents and rubber stamps were recovered from his possession. 20

विधि के उपबन्धों का उल्लेख कीजिए तथा निम्नलिखित तथ्यों की सुसंगति सम्बन्धी कारणों का उल्लेख कीजिए :

(*a*) प्रश्न है कि क्या 'A' ने 'B' को लूटा था । यह तथ्य कि 'B' के लूटे जाने के बाद 'C' ने 'A' की उपस्थिति में कहा था कि पुलिस उस व्यक्ति की तलाश में आ रही है जिसने 'B' को लूटा था तथा उसके फौरन बाद 'A' भाग गया ।

(*b*) 'A', 'B' पर 'C' को उसके द्वारा 'A' के साथ की गई सेवा-संविदा को तोड़ने के लिए उत्प्रेरित करने के लिए वाद चलाता है । 'C', 'A' की सेवा छोड़ने पर 'A' से कहता है, "मैं आपको इसलिए छोड़ रहा हूँ क्योंकि 'B' ने मुझसे बेहतर प्रस्थापना की है ।"

(*c*) ललित का अपनी पत्नी रेणु की विष देकर हत्या करने के लिए विचारण होता है ।

इस तथ्य को प्रस्तुत करने का प्रयास होता है कि रेणु की मृत्यु से पहले ललित को उसी तरह का विष खरीदते हुए देखा गया था जिसके कारण रेणु की मृत्यु हुई थी ।

(*d*) 'A' पर जाली विश्वविद्यालय डिग्री बेचने का आरोप लगा है ।

उसके कब्जे से विभिन्न विश्वविद्यालयों की डिग्रियाँ, जाली दस्तावेज तथा रबड़ स्टाम्प बरामद हुए थे ।

3. (*a*) What do you mean by conspiracy ? Explain scope of application of Section 10 of the Indian Evidence Act, 1872.

(*b*) 'A' and 'B' employees at Indira Gandhi International Airport, New Delhi. are charged with conspiring to pass goods through the custom counters without paying full duty, false entries made in the books for the purpose of carrying fraud by 'A' are produced before the Court.

Discuss the relevancy and admissibility of the above evidence. 20

(*a*) षड्यंत्र से आपका क्या अभिप्राय है ? भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 10 के लागू किए जाने की परिधि की व्याख्या कीजिए ।

(*b*) 'A' और 'B' इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय एअरपोर्ट, नई दिल्ली में कर्मचारी हैं । उन पर पूरा शुल्क अदा किए बिना कस्टम काउन्टरों से माल निकाल देने का षड्यंत्र करने का आरोप लगाया गया है । न्यायालय के समक्ष 'A' द्वारा कपट किए जाने के प्रयोजन से बहियों में की गई मिथ्या प्रविष्टियाँ पेश की गई हैं ।

उपर्युक्त साक्ष्य की सुसंगति और ग्राह्यता का विवेचन कीजिए ।

4. (*a*) Define admission. Who are the persons whose statements would amount to admission under the Evidence Act ?

(*b*) In a case, (servant) Ramu is charged for the murder of his master. After committing murder Ramu goes to the Police Station and makes a statement that "I have stabbed my master with a knife, as he used to beat me always and not pay me enough for the work. I have thrown his body in the water tank and here is the knife with which I killed him. I can take you to the water tank, where his dead body is lying."

The Police Officer found the dead body of the master in the water tank thereafter in the presence of Ramu and other independent witnesses.

Can the prosecution use the statement of the servant made at the police station against the servant in this case ? Discuss. 20

(*a*) 'स्वीकृति' की परिभाषा लिखिए । वे कौन-कौनसे व्यक्ति हैं जिनके कथनों को साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृति माना जाएगा ?

(*b*) एक मामले में नौकर रामू पर अपने मालिक की हत्या करने का आरोप लगा है । हत्या करनें के बाद रामू पुलिस स्टेशन गया तथा वहाँ बयान दिया कि "मैंने अपने मालिक को छुरा घोंप दिया क्योंकि वह हमेशा मेरी पिटाई किया करता था तथा काम के बदले पर्याप्त पैसे नहीं दिया करता था । मैंने उसके शव को वाटर टैंक में फेंक दिया है तथा जिस छुरे से मैंने उसे मारा है वह यह है । मैं आपको उस वाटर टैंक तक ले चल सकता हूँ जहाँ उसका शव पड़ा है ।"

उसके बाद पुलिस अधिकारी को रामू और अन्य स्वतंत्र साक्षियों की मौजूदगी में मालिक का शव वाटर टैंक में मिल गया था ।

क्या अभियोजन इस मामले में नौकर द्वारा पुलिस स्टेशन में दिए गए बयान को नौकर के विरुद्ध इस्तेमाल कर सकता है ? विवेचन कीजिए ।

5. Whether the sole testimony of the dying declaration can be made the basis of conviction or not ?

Examine in the light of related judicial interpretations. 20

क्या मृत्युकालिक कथन के एकमात्र साक्ष्य को दोषसिद्धि का आधार बनाया जा सकता है या नहीं ?

सम्बन्धित न्यायिक निर्वचनों को ध्यान में रखते हुए समीक्षा कीजिए ।

6. (*a*) 'A', a client says to 'B', an attorney — "I wish to obtain possession of property by the use of a forged deed on which I request you to sue."

Is the communication made by A barred by law or expressly prohibited by law from disclosure ? Decide.

(*b*) 'X' and 'Y' were married in Oct., 2008. Their divorce took place in the month of March, 2009. 'Y' had conceived during the subsistence of marriage between her and 'X'. She (Y) married 'Z' in the month of May, 2009 and a baby (B) was born in the month of July, 2009. 'Z' disputes the paternity of the child. Advise 'Z' accordingly. 20

(*a*) एक मुवक्किल 'A' अटर्नी 'B' से कहता है – "मैं एक जाली विलेख का उपयोग करके सम्पत्ति पर कब्जा करना चाहता हूँ जिस पर आप वाद चलाने का कष्ट करें ।"

क्या 'A' द्वारा किया गया सम्प्रेषण विधि द्वारा अपवर्जित है या विधि द्वारा प्रकटन किए जाने से अभिव्यक्ततः प्रतिषिद्ध है ? विवेचन कीजिए ।

(*b*) 'X' तथा 'Y' ने अक्टूबर, 2008 में शादी की । उनका तलाक मार्च, 2009 को हुआ । Y ने अपने तथा 'X' के बीच शादी के दौरान निर्वाह–भत्ता के बारे में सन्निबन्धन कर लिया था । उसने (Y ने) 'Z' के साथ मई, 2009 में शादी की तथा एक बच्चा (B) जुलाई, 2009 में पैदा हुआ । Z बच्चे के पितृत्व के लिए विवाद करता है । Z को तदनुरूप परामर्श दीजिए ।

7. Who is an Accomplice ? What is the credibility of approver's testimony ? Does it require any corroboration ? Discuss with the help of decided cases. 20

सहअपराधी कौन होता है ? सरकारी गवाह के मौखिक साक्ष्य की विश्वसनीयता क्या है ? क्या इसके लिए परिपुष्टि आवश्यक है । निर्णीत मामलों की सहायता से व्याख्या कीजिए ।

8. (*a*) When is a witness said to have turned hostile ? Whether the evidence given by such a witness considered relevant and admissible ?

(*b*) Rahul had sought admission to MBA course on the basis of false Graduate Degree. In the first year of examination Rahul scored 65% marks but just before appearing for the 2nd year examination, the forgery was detected and the college authorities cancelled Rahul's admission. Rahul comes to you for a legal advise. What advice would you give him and why ? 20

(*a*) किसी साक्षी को पक्षद्रोही हुआ कब कहा जा सकता है ? क्या ऐसे साक्षी द्वारा दिया गया साक्ष्य सुसंगत तथा स्वीकार्य माना जाता है ?

(*b*) राहुल ने नकली ग्रेजुएट डिग्री के आधार पर एम.बी.ए. कोर्स में दाखिला लेने का प्रयास किया था । राहुल ने प्रथम वर्ष की परीक्षा में 65% अंक प्राप्त किए किन्तु द्वितीय वर्ष की परीक्षा में बैठने से ठीक पहले कालिज अधिकारियों ने उसकी जालसाजी का पता लगा लिया तथा उसका दाखिला रद्द कर दिया । राहुल आपके पास कानूनी सलाह लेने के लिए आता है । आप उसको क्या सलाह देंगे और क्यों ?